कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज

हवामहल के पास, बडीचौपड़, जयपुर, राजस्थान–302002

कार्यालय :– एफ–6 ( )उपा.राज.(प्रथम)/ला.शाखा/जननी/हैरिटेज/2024/ 243 दिनांक: 26/07/24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा सार्वजनिक विज्ञप्ति क्रमांक 2520, दिनांक 04.10.2023 द्वारा स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः 9329, दिनांक 22.10.2021 के बिन्दु संख्या 2(**xii**) व 2(**xiv**) के अनुसार डेयरी बूथ आवंटन मे सफल अभ्यार्थियों को राशि जमा करवाने बाबत् सूचित किया गया किन्तु ऐसे सफल अभ्यार्थी जिनकों डेयरी बूथ आवंटित की गई परन्तु अभ्यार्थियों द्वारा कुल 18,700/–रूपयें राशि निगम कोष में जमा नहीं करवाई गई। उन अभ्यार्थियों को डेयरी बूथ आवंटन समिति की बैठक दिनांक 25.07.2024 में लिये गये निर्णय अनुसार अंतिम अवसर देते हुये राशि 18,700/–रूपयें निगम कोष में जमा कराने का निर्णय लिया गया हैं।

अतः संलग्न सूची के अनुसार सफल अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं, वह दिनांक 29.07.2024 से 04.08.2024 तक स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः 9329, दिनांक 22.10.2021 के बिन्दु संख्या 2(**xii**) तथा बिन्दु संख्या 2(**xiv**) अनुसार 20 वर्षो के लिए एक मुश्त किराया/लीज राशि + जी.एस.टी तथा बिन्दु संख्या 8 के अनुसार तथा 2(**xv**) अनुसार 2 वर्षो के लिए सुरक्षा राशि कुल राशि (15000+1000+2700) 18700/– रूपयें **एकल खिड़की अटल सेवा केन्द्र (निगम हैरिटेज मुख्यालय)** पर जमा करवायें। राशि जमा नहीं करवाने की स्थिति में अधिसूचना के बिन्दु संख्या 9(ख) के अनुसार आवंटन समिति द्वारा बूथ आवंटन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

(अभिषेक सुराणा)
I.A.S
आयुक्त एवं अध्यक्ष
डेयरी बूथ आवंटन समिति
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

प्रतिलिपिः–

1. निजी सहायक, श्रीमान् आयुक्त महोदय नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
2. जनसम्पर्क अधिकारी नगर निगम जयपुर हैरिटेज को उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति को दो मुख्य राज्यस्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित हैं।
3. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर नगर निगम जयपुर हैरिटेज को उपरोक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति एवं प्रोविजनल सूची नगर निगम जयपुर हैरिटेज की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित हैं।
4. प्रभारी, अटल सेवा केन्द्र को उक्त कार्य हेतु डेयरी बूथ के किराया/लीज राशि जमा करने एवं रिकॉर्ड संधारित करने हेतु प्रेषित हैं।
5. सुरक्षित पत्रावली।

–sd–
उपायुक्त राजस्व (प्रथम)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज